# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## प्रबंधक (टेकनिकल – सिविल) ग्रेड 'B' में

1. **<u>परीक्षा की योजना</u> :**

इस परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्नावलियाँ होंगी :

| प्रश्नपत्र का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|
| **प्रश्नपत्र-I वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा** व्यावसायिक ज्ञान / कार्य ज्ञान परीक्षा | 50 | 100 | 1 घंटा |
| **प्रश्नपत्र-II वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा** प्रश्नों का स्तर B.E. Degree का होगा | 8* (उप अनुभागों के साथ) | 100 | 3 घंटे |
| **कुल** | | **200** | |

प्रश्नपत्र- I में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का ¼ भाग दंडस्वरूप काट लिया जाएगा ।

केवल ऐसे अभ्यर्थियों के ही प्रश्नपत्र-I का मूल्यांकन किया जाएगा जो दोनों परीक्षाओं में शामिल होते हैं। दोनों परीक्षाओं के प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में बनाए जाएंगे। अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए हिन्दी या अंग्रेज़ी का चयन कर सकते हैं। बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयानुसार, <u>केवल</u> प्रश्नपत्र-I में पर्याप्त उच्च अंक पानेवाले अभ्यर्थियों के ही प्रश्नपत्र-II का मूल्यांकन किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले अभ्यर्थियों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी। अंतिम चयन, 'लिखित परीक्षा' में तथा साक्षात्कार में मिलाकर किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

कृपया नोट करें की प्रश्नपत्र I और प्रश्नपत्र II के बीच एक लघु अवकाश होगा । अभ्यर्थियों को दोनों प्रश्नपत्रों के लिए के लिए अलग से लॉगइन करना होगा ।

प्रश्नपत्र-II (कंप्यूटर/प्रश्नपत्र आधारित) : प्रश्नपत्र-II के लिए 100 अंक का 3 घंटे की अवधि के लिए होगा ।

नोट:

(i) प्रश्नपत्र-I में प्रत्येक ग़लत उत्तर हेतु अंक काटे जाएंगे।

